


नवभारत
भोपाल, सोमवार, 2 फरवरी 2026


# जमीन आवंटन नहीं, गीता भवन निर्माण की प्रक्रिया कागजों तक सीमित

**नवभारत न्यूज**
**बैतूल, 1 फरवरी.**

**गीता भवन निर्माण को जिला मुख्यालय पर प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है। नगरपालिका ने गीता भवन बनाने के लिए जमीन तो चिन्हित कर ली है, किन्तु यह जमीन नगरपालिका को अभी तक नहीं मिल पाई है।**

**समय सीमा बीती तो शायद ही मिल पायेगी यह सौगात**

**गीता भवन में होगी लायब्रेरी, सेमीनार सहित कई सुविधा**

जिसके कारण यह पूरा प्रोजेक्ट कागजों में ही अटका हुआ है। वहीं दूसरी ओर कई शहरों में निर्माण कार्य कब से शुरू हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि इंदौर में तो गीता भवन का लोकार्पण तक हो चुका है। दरअसल मुख्यमंत्री मोहन यादव की विशेष मंशा है कि प्रदेश के हर छोटे-बड़े शहर में गीता भवन बनाए जाएं। इसके लिए योजना बना कर राशि भी जारी कर दी गई है। इसके बावजूद बैतूल में अभी तक इस प्रोजेक्ट को लेकर खास प्रोग्रेस नहीं हो सकी है। नगरपालिका से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि गीता भवन बनाने के लिए अभी जमीन नहीं मिली है। कलेक्टर कार्यालय में जमीन को लेकर प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही नगरपालिका को जमीन मिल जायेगी, गीता भवन निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। बताया जा रहा है कि गीता भवन में लायब्रेरी, सेमिनार, सांस्कृतिक और धार्मिक सभी प्रकार की गतिविधियां संचालित होंगी। ये गीता भवन सभी प्रकार के विचार विमर्श के केंद्र बनेंगे।




**बैतूल में बनेगा 500 लोगों की क्षमता वाला गीता भवन :** बताया जा रहा है कि राज्य शासन की गाइड लाइन के अनुसार बैतूल शहर में 500 लोगों की क्षमता के गीता भवन का निर्माण होना है। इस संबंध में शासन ने दिसंबर 2024 में ही आदेश जारी कर दिए थे, लेकिन बैतूल में अभी तक इसके लिए जमीन ही फाइनल नहीं हो सकी है। ऐसे में शासन द्वारा तय की गई 3 साल की समय सीमा में गीता भवन का निर्माण नहीं हुआ तो शायद ही बैतूल वासियों को गीता भवन की सौगात मिल सकेगी। हालांकि नगरपालिका ने गीता भवन निर्माण के लिए जमीन तो चिन्हित कर ली है और टीएनसीपी से एनओसी भी मिल गई है। बस कलेक्टर कार्यालय से जमीन का इश्यू फाइनल होना बाकी है। जमीन का विधिवत आवंटन हो जाने के बाद गीता भवन की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। गीता भवन का निर्माण होने से शहरवासियों को पुस्तकालय, रीडिंग रूम, ई-लाइब्रेरी सहित अन्य कई सुविधाएं मिल सकेगी। गीता भवन का निर्माण ऐसे स्थान पर किया जायेगा, जहाँ नागरिकों की पहुँच आसान हो। गीता भवनों को संचालनालय द्वारा स्वीकृत नक्शे के अनुसार निर्मित किये जाना है।

> कलेक्टर कार्यालय से अभी जमीन नहीं मिल पाई है। प्रक्रिया प्रचलन में है। गीता भवन के लिए राय साहब का बगीचा वाली जमीन मांगी गई है। टीएनसीपी से जो दिक्कते थे, वह भी क्लियर करवा ली है।
>
> **- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नपा बैतूल**

### सर्वसुविधायुक्त होगा गीता भवन

गीता भवन में एक पुस्तकालय के अलावा रीडिंग रूम की व्यवस्था होगी। गीता भवन में ई-लायब्रेरी कक्ष की व्यवस्था भी प्रस्तावित की गई है। गीता भवन में साहित्य सामग्री विक्री केन्द्र भी प्रस्तावित किया गया है। गीता भवन में कैफेटेरिया-स्वल्पाहार गृह की सुविधा भी विकसित की जा सकेगी। गीता भवनों में ऑडिटोरियम का भी प्रावधान रखा गया है। ऑडिटोरियम में नगरीय निकायों की आबादी के मान से सभागार की बैठक क्षमता निर्धारित रहेगी। बताया जा रहा है कि गीता भवन में चार पहिया और दो पहिया की सुलभ पॉकिंग व्यवस्था का भी प्रावधान रखा गया है। गीता भवन का निर्माण ऐसे स्थान पर किया जायेगा, जहाँ नागरिकों की पहुँच आसान हो। गीता भवनों को संचालनालय द्वारा स्वीकृत नक्शे के अनुसार निर्मित किये जाना है।

### राय साहब के बगीचे के पास वाली मांगी जमीन

नगरपालिका ने गीता भवन का निर्माण करने के लिए मोती वार्ड में राय साहब के बगीचे के पास वाली 0.559 हेक्टेयर जमीन की मांग की है। इस जमीन के लिए पहले टीएनसीपी ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर आपत्ति लगा दी थी। टीएनसीपी का कहना था कि भविष्य में यहां 36 मीटर चौड़ी रोड बनना है। इसलिए यह जमीन नहीं दी जा सकती। हालाकि वहां सड़क के लिए जगह छोड़ने के बाद भी पर्याप्त जमीन उपलब्ध थी। इसलिए नगर पालिका ने दोबारा इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया। टीएनसीपी ने सड़क के लिए दोनों ओर 18-18 मीटर जगह छोड़कर जमीन दे दिए जाने पर सहमति जता दी। एनओसी मिलने के बाद अब जमीन आवंटन के लिए प्रकरण को एसडीएम बैतूल को भिजवाया गया है।

## एक नजर में

### सीताराम नाम बैंक की पास बुक पहुंचेगी अयोध्या

**बैतूल।** श्री राम सुभग दास 1008 फट्टी वाले बाबा की 17वीं पुण्यतिथि 25 फरवरी को श्री अयोध्या धाम में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक वाल्मीकि भवन में 3 दिन पूर्व अयोध्या जाकर सीताराम पुस्तिकाएं जमा की जाएगी जिसे सेवानिवृत्त पटवारी कचरू देशमुख टिकारी प्रतिवर्षानुसार लेकर जाएगें। श्री देशमुख ने बताया कि इस बुक में सीताराम लाल स्याही के पेन से लिखा जाता है। उन्होंने लोगों के द्वारा 3 करोड़ 10 लाख 455 सीताराम शब्द लिखित नाम की पासबुक जमा कर चुके हैं। उन्होने बताया कि जिनके पास भी यह सीताराम लिखित पासबुक है वह उनके निवास पर 10 फरवरी से 23 फरवरी तक जमा करवा सकते हैं।

### खेत में लगी आग, लाखों का नुकसान

**मुलताई।** ग्राम खतेड़ाकला में रविवार दोपहर एक खेत में आग लगने से किसान बंशीलाल देशमुख को लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस घटना में उनकी मक्के की फसल, पशु चारा और सिंचाई पाइप जलकर नष्ट हो गए। यह घटना दोपहर करीब 1.30 बजे हुई। आग लगते ही खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ड्राइवर राकेश पवार और गिरीश पिपले सहित फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता से आग पर काबू पाया। इससे आसपास के खेतों में खड़ी अन्य फसलें सुरक्षित बच गईं। पीड़ित किसान बंशीलाल देशमुख ने बताया कि इस आगजनी से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने खेतों में आग लगने की लगातार हो रही ऐसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करने और प्रभावित किसान को उचित राहत व सहायता प्रदान करने की मांग की है।

### त्रिशूल लेकर पचमढ़ी रवाना होंगे शिव भक्त

**आठनेर।** नगर आठनेर में त्रिशूल शक्ति का विशेष श्रंगार करते हुए पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। रविवार को पुर्णिमा अवसर पर यात्रा के लिए रवाना होगे। संजय गलफट ने बताया कि त्रिशूल शक्ति का विशेष श्रंगार कर पूजन कार्यक्रम हुआ है।

## कैरियर के नए विकल्पों पर भी विचार करें विद्यार्थी : डॉ.सारिया

**मुलताई।** सरकार के द्वारा विद्यार्थियों को कौशलयुक्त बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आज का यह उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम इन्हीं प्रयासों की एक कड़ी है। विद्यार्थी इन कार्यक्रमों का लाभ लेकर कौशयुक्त और दक्ष बनें तथा स्वरोजगार के नए विकल्प अपनाने पर भी विचार करें। मुलताई के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य कमलेश कुमार सारिया ने उक्ताशय के विचार व्यक्त किए। विकास आयुक्त का कार्यालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के उद्यमिता



कौशल विकास कार्यक्रम के तहत उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) के द्वारा बैतूल जिले के विभिन्न स्थानों पर उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुलताई कॉलेज में प्राचार्य डॉ.सारिया ने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान समय में उद्यमिता यानि स्वरोजगार भी कॅरिअर के अच्छे विकल्प के रूप में उभर रहा है। सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि अपना स्वयं का उद्योग या व्यवसाय शुरू करके भी आप सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकते हैं।

**स्थानीय संसाधनों से तैयार किए जा सकते हैं प्रोडक्ट डॉ. प्रीतिबाला**

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. प्रीतिबाला राठौर ने कहा कि हम ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध स्थानीय संसाधनों का कौशलयुक्त उपयोग कर अनेक तरह के उत्पाद तैयार कर सकते हैं। आजकल तो गोबर और मिट्टी का उपयोग कर भी ऐसे प्रोडक्ट बनाए जा रहे हैं जिनकी बाजार में काफी डिमांड है। विद्यार्थी अभी से अपने आप में ऐसा कौशल विकसित करने का प्रयास करें जिससे कि वे इन स्थानीय संसाधनों का उपयोग अपने भविष्य को बेहतर बनाने में कर सकें।

## गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य, घटना से तनाव

**बैतूल। जिले के दामजीपुरा क्षेत्र में एक युवक द्वारा गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया गया। घटना के बाद तनाव की स्थिति बनी हुई है। अज्ञात लोगों ने यहां कई दुकानों को आग के हवाले कर दिया है।**

तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की है। मौके पर प्रभारी कलेक्टर और एसपी भी पहुंच गए है। दामजीपुरा में एक विशेष समुदाय के युवक ने गाय के साथ अप्राकृतिक किया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के बाद से लोगों में आक्रोश पनप गया। जिसके बाद



दामजीपुरा में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर भैसदेही, चिचोली और मोहदा थाने और पुलिस लाइन बैतूल का पुलिस बल तैनात है। जानकारी के मुताबिक गाय के साथ अप्राकृतिक करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने हिरासत में लेने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद दामजीपुरा में पुलिस बल तैनात कर दिया है। पुलिस के अनुसार स्थिति काबू में है।

## अखंड रामायण पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन

**भौंरा।** क्षेत्र में रविवार का दिन पूरी तरह धार्मिक आस्था और सेवा भाव को समर्पित रहा। विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामायण पाठ और भंडारे के कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। शाहपुर आमढाना के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लमटी हनुमान मंदिर में भौंरा निवासी कृष्णकांत मालवीय द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रविवार को भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आसपास के ग्रामीणों ने सहभागिता कर प्रसादी ग्रहण की। इसी क्रम में नगर की मिश्रा कॉलोनी में शशिकांत मिश्रा द्वारा रामायण पाठ का आयोजन कर भंडारे का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर भजन-पूजन के साथ श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं नगरवासियों की उपस्थिति रही। वहीं दुबे परिवार द्वारा मां बिजासन दरबार में भी भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित किया।

## वार्षिक उत्सव के साथ मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया

**बैतूल।** सवालमेंडा ग्राम स्थित नारायण पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव के साथ मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयगुरूदेव सत्संग व्यास वक्ता लक्ष्मण विश्वकर्मा, शिक्षक आसाराम धूर्वे, संस्था अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शिवहरे, बैंक मैनेजर प्रवीण पवार, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शिवहरे, पूर्व सरपंच संजय धूर्वे, सरपंच संतोष जावरकर ,गोकुल पंदराम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यकमो कि सुंदर प्रस्तुति दी गयी जिसमे देशभक्ति एवं धार्मिक गीतों पर




नृत्य के अतिरिक्त नाटक आकर्षण का केंद्र रहे इसके पश्चात स्कूल के उत्कृष्ट बच्चो, पालको एवं स्टाफ से चयनित लोगो को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे मातृ-पितृ पूजन का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा अपने माता पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया गया। उपस्थित पालको एवं बच्चों को संबोधित करते हुए योग वेदांत सेवा समिति के तिलक टिहरे द्वारा कहा गया कि प्रतिवर्ष प्रत्येक परिवार में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए वर्तमान समय मे हम अपनी संस्कृति से दूर होकर पश्चिमी संस्कृति का पालन ज्यादा करने लगे है जिससे युवा वर्ग ज्यादा प्रभावित हो रहा है माता पिता का सभी के जीवन मे विशेष महत्व होता है जिसे भुलाया नही जा सकता यह दिन माता पिता के प्यार,सम्मान एवं देखभाल के लिए समर्पित है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक धीरज शिवहरे, केशव वाधवानी, दुर्गादास गीद आदि उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय पवार समाज संगठन का भव्य सामाजिक समारोह संपन्न

**पाथाखेड़ा।** क्षत्रिय पवार समाज संगठन द्वारा पवार मंगल भवन हवाई पट्टी के पास शोभापुर कॉलोनी में सामाजिक एवं धार्मिक गरिमा के साथ सहर्ष उल्लास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की कुलदेवी मां गढ़ कालिका की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अखंड रामायण पाठ एवं हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। आयोजन में सारनी क्षेत्र के समस्त स्वजातीय बंधु सादर आमंत्रित रहे। प्रात: 9 बजे अखंड रामायण पाठ के समापन पश्चात अतिथियों का मंचासीन होना हुआ। इस अवसर पर बागदेवी एवं राजभोज प्रतिमा का पूजन कर समाज की गौरवशाली परंपरा और इतिहास को स्मरण किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पमालाओं एवं स्मृति-चिन्हों से सम्मान किया गया। समारोह में समाज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं वरिष्ठ बुजुर्गों का सम्मान कर उनके योगदान को नमन किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें समाज की सांस्कृतिक चेतना और एकजुटता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। अतिथियों ने अपने उद्बोधनों में समाज को संगठित रहकर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## संस्कार और संस्कृति की मिलती शिक्षा : अग्रवाल

**सारनी।** शिक्षा की जो नींव होती है, वह घर से शुरू होती है। उपरोक्त उदगार ग्राम भारती महिला मंडल की अध्यक्ष भारतीय अग्रवाल ने मदर ग्लोरी प्री स्कूल बगडोना के वार्षिक कार्यक्रम उड़ान को संबोधित करते हुए व्यक्त किए है। श्रीमति अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को प्रथम दीप से ही शिक्षा की जो अलग होती है। बच्चों को बेहतर पढ़ाई के अलावा उनके पोषक और वेशभूषा पर भी महत्व दिया जाता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि पार्षद दशरद सिंह जाट, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि तिरुपति एरोलू, श्रीमती ए एन सिंह उपस्थिति रही। स्कूल के वार्षिक प्रतिवेदन



का वचन मदर ग्लोरी की संचालिका रेनू एरोलू ने साल भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। श्रीमती एरलु ने कहा कि हमारी संस्कृति को एक साथ पिरोकर शिक्षा के रूप में विद्यार्थियों में दी जाती है। नन्हे मुन्ने बच्चों को अभी से सनातन धर्म और संस्कृति के अलावा बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो यह भी प्रयास हमारे माध्यम से किया जा रहा है। कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि तिरुपति एरोलू ने कहा कि यह जानकर बड़ा उत्सव और आनंद पहुंचा है कि मदर ग्लोरी स्कूल के माध्यम से शासन के नियमों को निर्वाह करके 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का काम किया जा रहा।

## दुर्घटनाओं से बचने के लिए सावधानी से चलाये वाहन : टीआई

**सारनी।** वाहनों को सावधानी से चलाने से दुर्घटनाओ से बचाव हो सकता है। अक्सर दुर्घटना लापरवाही के चलते होती है, उपरोक्त उदगार टीआई जयपाल इवनाती सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत वाहन चालकों को समझाईस देते हुए व्यक्त किये है। सारनी थाने के पुलिस बल ने जय स्तंभ चौक एवं गुणवत्त बाबा के पास वाहनों की चेकिंग कर 53 चालान बनाकर 17 हजार 300 रूपये जुर्माना वसुला है। टीआई श्री इवनाती ने कहा कि पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी प्रियंका करचाम



के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहनों की लगातार जांच कर चलानी कारवाही की है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह मे पुलिस ने 150 के आसपास वाहनों पर चालानी कारवाही की है। श्री इवनाती ने कहा कि वाहनों की चेंकिंग के दौरान लापरवाह चालकों के चालान काटे, बल्कि उन्हें जीवन की कीमत समझाते हुए यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई। पुलिस टीम ने बगैर हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले चालकों का चालान भी किया है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मुख्य रूप से दोपहिया वाहनों पर हेलमेट न लगाने वाले और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग न करने वालों को रोककर कार्रवाई की। टीआई श्री इवनाती ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना एवं दुर्घटनाओ में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों एवं जनता को सुरक्षित घर पहुंचाना है। श्री इवनाती ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट आपकी सुरक्षा के लिए हैं.वाहन चलाते समय इस बात ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने समझाया कि एक छोटी सी लापरवाही बड़ा रूप ले सकती है।

**कार्यक्रम** | **भाजपा द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद में बोले प्रदेश अध्यक्ष**

## विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट : हेमंत

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के रामकृष्ण बगिया लॉन में आयोजित बजट प्रस्तुतिकरण एवं व्यापारी सवांद के कार्यक्रम को संबोधित करतें हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट प्रस्तुत किया है। वह सिर्फ एक वर्ष का बजट नही बल्कि अगले 10 साल में भारत का भविष्य कैसा होगा उसे ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया बजट है। यह बजट देश की दिशा तय करने वाला एवं विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। श्री खंडेलवाल ने कहा कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य,



रोजगार, कृषि सुधार, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रो का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट मे की गई घोषणाओं के अनुसार देश में तीन नए आयुर्वेद संस्थान खुलेगें, मेडिकल टूरिज्म के 5 नए हब बनेगें। नए टेक्सटाईल पार्क की स्थापना होगी, 22 नए जलमार्ग प्रारंभ किए जाएगें एवं 7 हाई स्पीड रेल कारिडोर का निर्माण किया जाएगा। छोटे शहरों में स्थित तीर्थ स्थलो की विकसित किया जाएगा। लखपति दीदीयों की आय बढाने के लिए छोटे छोटे विक्रय केन्द्र खोले जाएगें। उन्होने कहा कि प्रस्तुत बजट में रोजगार सृजन एवं उत्पादकता बढाने पर जोर दिया गया है। आने वाले दशक में भारत वैश्विक निर्माण का सबसे बढा केन्द्र बनेगा। पुराने औद्योगिक सेक्टर को जीवित किया जाएगा। मछली पालन के लिए 500 अमृत जलाशय बनाए जाएगें। डेरी उत्पादो को बढावा मिलेगा। विदेश यात्रा सस्ती होगी। पर्यटन को बढावा देने के लिए बुद्व सर्किट का निर्माण होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि यह बजट विश्वास और विकास का बजट है। बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास का संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यह बजट देश को नई दिशा देने वाला बजट है। जिसमें सभी सेक्टरो एवं समाज के सभी वर्गो के विकास की चिंता की गई है। विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि बजट में 5 रिजनल मेडिकल हब बनाने के साथ साथ स्वास्थ्य पेशोवरो के लिए नए संस्थानों का उन्नयन एवं स्थापना का निर्णय भी स्वागत योग्य है। कैंसर सहित कई गंभीर बीमारीयों के उपचार के लिए प्रयुक्त होने वाली कई दवाईयों का सस्ता किया गया है। जो निश्चित ही एक राहत देने वाला कदम है। इस बजट का जितना भी स्वागत किया जाए कम है। इस अवसर पर ब्रज कपूर, गजानंद मोटवानी, नवीन तातेड, प्रेमशंकर मालवीय, श्रीचंद्र हिराणी, मंजीतसिंह साहनी, रमेश मिश्रा, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर सहित प्रमुख व्यापारी, प्रोफेशनल एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## अतिथि विद्वानों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा

**बैतूल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल से अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट कर उन्हें मप्र के शासकीय महाविद्यालयों के रिक्त पद के विरुद्ध अतिथि विद्वानों के भविष्य की सुरक्षा के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर आशीष पांडे और डॉ.नरेन्द्र सोनी ने कहा कि लगभग 25 वर्षों से प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों के विरुद्ध कार्यरत अतिथि विद्वानों से शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा है। डॉ.आरए पांडे और डॉ.एसडी साहू ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की सेवा करते हुए कई अतिथि विद्वान आयु सीमा को पार कर चुके हैं तथा बढ़ती उम्र, पारिवारिक और



सामाजिक जिम्मेदारियों की वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता नहीं अर्जित कर पा रहे हैं। जिस वजह से समाज के उच्च शिक्षित वर्ग के साथ ही परिवारों का भी भविष्य अंधकारमय है। डॉ.वीरेन्द्र चौहान और डॉ.नितेश कनाठे ने कहा कि अतिथि विद्वानों के उम्र और अनुभव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में कार्यरत अतिथि विद्वानों को हरियाणा सरकार के पैटर्न पर समायोजित किया जाए। डॉ.राजेश माथनकर और डॉ.मनीष मुंडे ने मांग रखी कि प्रदेश में कार्यरत अतिथि विद्वानों के पदों को सुपरन्यूमरेरी, डाइंग कैडर मानकर भविष्य सुरक्षित किया जाए। जिस पर हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि अतिथि विद्वानों के साथ अन्याय नहीं होने दुंगा और आपकी मांग को संबंधित मंत्रालय के समक्ष रखुंगा।